मारुति का शुद्ध लाभ 47 फीसदी बढ़ा

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 26 अप्रैल

वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में दिग्गज वाहन निर्माता मारुति सुजूकी का शुद्ध लाभ 47.1 फीसदी बढ़कर 3,952.3 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को उत्पादन में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा नहीं होने, लागत में बचत और स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की बढ़ती मांग से मजबूती मिली है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले की अपेक्षा 63.2 फीसदी बढ़कर 13,488 करोड़ रुपये रहा। मारुति सुजूकी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 125 रुपये प्रति शेयर का लाभांश जारी करने की घोषणा की है। कंपनी ने पिछले साल 90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश दिया था।

मारुति सुजूकी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने संवाददाताओं से कहा कि हरियाणा के खरखौदा में कंपनी के नए संयंत्र का निर्माण कार्य सुचारू तरीके से जारी है और मई 2025 में कंपनी यहां से पहली उत्पादन लाइन शुरू करने वाली है। उन्होंने कहा, 'हम खरखौदा संयंत्र में हर 12 महीने में एक नई उत्पादन लाइन जोड़ेंगे।' साथ ही भार्गव ने कहा कि देश में आम चुनाव के कारण आचार संहिता लगी होने से कंपनी ने अभी तक गुजरात में अपने नए संयंत्र का स्थान तय नहीं किया है। फिलहाल, मारुति सुजूकी की सालाना 23.5 लाख गाड़ियों की उत्पादन क्षमता है और कंपनी इसे साल 2030-31 तक 40 लाख करने की योजना बना रही है।

भार्गव ने कहा कि छोटी कारों के बाजार में इस साल या अगले साल भी कोई खास उछाल नहीं आने वाला है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा वित्त वर्ष में उछाल थोड़ा आशावादी है, लेकिन मुझे यह नहीं लगता कि यह इतनी जल्दी होगा। इसमें और समय लगेगा। इसलिए, कार बाजार में एसयूवी का दबदबा रहेगा।'

साल 2023-24 में सिडैन और हैचबैक वाले छोटी कारों के खंड की बिक्री में करीब 11.4 फीसदी की कमी देखी गई। एक साल पहले की तुलना में 15.38 लाख गाड़ियों की बिक्री हुई। इसके विपरीत यूटिलिटी वाहन खंड में बिक्री एक साल पहले की अपेक्षा उल्लेखनीय 25.8 फीसदी बढ़ी और 25.2 लाख गाड़ियों की बिक्री हुई। मारुति सुजूकी छोटी कार और एसयूवी दोनों श्रेणियों में अग्रणी है।

साल 2023-24 में भारत में करीब 99 हजार इलेक्ट्रिक कारें और 89,500 हाइब्रिड कारों की बिक्री हुई। मगर साल 2023-24 के आखिरी छह महीनों में इलेक्ट्रिक कारों की तुलना में हाइब्रिड कारें ज्यादा बिकीं। हाइब्रिड कारों के बारे में उनके नजरिये के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, 'हमें पक्के तौर पर यह जानने से पहले पहले कुछ महीनों तक इंतजार करना होगा कि सरकार हाइब्रिड कारों पर जीएसटी के बारे में क्या सोच रही है।' बीते महीने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सुझाव दिया था कि हाइब्रिड कारों पर कर मौजूदा 43 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी किया जाना चाहिए।

भार्गव ने कहा, 'इससे काफी फर्क पड़ता है कि हाइब्रिड कारों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 43 फीसदी रहता है या गडकरी के सुझाव पर 12 फीसदी हो जाता है। मुझे लगता है कि इससे हाइब्रिड कारों की मांग पर काफी असर पड़ेगा। इसलिए मेरे लिए आज यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में हाइब्रिड कारों का क्या होगा। इसके लिए हमें इंतजार करना होगा।' साल 2023-24 में भारतीय कार विनिर्माताओं ने 42.3 लाख घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री के साथ एक नया इतिहास रच दिया। यह एक साल पहले की तुलना में 8.74 फीसदी अधिक है और इसे एसयूवी के लिए मजबूत मांग, ग्रामीण इलाकों में बढ़ी बिक्री और उच्च जीडीपी वृद्धि से बल मिला है।

एसबीआई लाइफ का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 4 प्रतिशत बढ़ा

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में चार प्रतिशत बढ़कर 811 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 777 करोड़ रुपये रहा था। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 37,567 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 22,805 करोड़ रुपये थी। कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 25,116 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 19,897 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़कर 1,890 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1,720 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की कुल आय बढ़कर 1,32,631 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 81,598 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि 31 मार्च, 2024 को उसकी प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) 27 प्रतिशत बढ़कर 3.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। *भाषा*

संक्षेप में

एसऐंडपी और फिच को रिलायंस पर भरोसा

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसऐंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और फिच रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है। बयान के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की मजबूत कमाई पर अंकुश रहेगा क्योंकि कंपनी वृद्धि की महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा रही है। हमें उम्मीद है कि कंपनी की ऋण से लेकर कर पूर्व आय अनुपात की रेटिंग (बीबीबी+/स्थिर/--) के अनुरूप रहेगी।' एसऐंडपी ने कहा 'आरआईएल की कमाई को पिछले निवेशों से फायदा होगा। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की समायोजित कर पूर्व आय दो से चार प्रतिशत बढ़ेगी।' इस बीच फिच रेटिंग्स ने कहा 'हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में आरआईएल की कर पूर्व आय सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में 14 प्रतिशत बढ़ेगी।' *भाषा*

अर्जस स्टील में 80 % हिस्सा लेगी संदुर मैंगनीज

संदुर मैंगनीज ऐंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) शेयर खरीद समझौते के माध्यम से अर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए मंजूरी दे दी है। *भाषा*

एचसीएलटेक का लाभ मामूली बढ़ा

शिवानी शिंदे और आशुतोष मिश्रा
मुंबई/लखनऊ, 26 अप्रैल

नोएडा में मुख्यालय वाली एचसीएलटेक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 3,986 करोड़ रुपये रहा। मुनाफा एक साल पहले के मुकाबले 0.1 प्रतिशत तक मामूली बढ़ा, लेकिन तिमाही आधार पर इसमें 8.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

एचसीएलटेक ने वित्त वर्ष 2025 की राजस्व वृद्धि 3 से 5 प्रतिशत (स्थिर मुद्रा के संदर्भ में) के दायरे में रहने का अनुमान जताया है। राजस्व वृद्धि का अनुमान अनिश्चित वृहद परिवेश के प्रभाव को ध्यान में रखकर जताया गया है, हालांकि यह देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा फर्म इन्फोसिस द्वारा जताए गए अनुमान के मुकाबले अधिक है। इन्फोसिस ने 1 से 3 प्रतिशत के बीच राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है।

मार्च तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 7.1 प्रतिशत बढ़कर 28,499 करोड़ रुपये रहा। तिमाही आधार पर राजस्व वृद्धि 0.2 प्रतिशत दर्ज की गई। भले ही एचसीएलटेक के आंकड़े प्रतिस्पर्धियों से बेहतर हैं, लेकिन ब्लूमबर्ग द्वारा जताए गए अनुमान की तुलना में ये कमजोर रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने 28,557 करोड़ रुपये के राजस्व और 4,123 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का अनुमान जताया था।

पूरे वर्ष के लिए, एचसीएलटेक का राजस्व वित्त वर्ष 2023 के मुकाबले 8.3 प्रतिशत बढ़कर 109,913 करोड़ रुपये रहा।

चौथी तिमाही में टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू (टीसीवी) 2.29 अरब डॉलर रही, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के 1.92 अरब डॉलर से 19.2 प्रतिशत ज्यादा है। पूरे वर्ष के लिए टीसीवी 9.7 अरब डॉलर रही, जिसमें 73 बड़े सौदे शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2023 के मुकाबले कमजोर अनुमान के बारे में एचसीएलटेक के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सी विजयकुमार ने कहा, 'हम आगामी अवसरों को लेकर आशान्वित बने हुए हैं। हमने उद्योग के अग्रणी के तौर पर प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2025 में प्रवेश के साथ कुछ बड़े सौदे वैश्विक डिलीवरी मॉडल मोड में चले जाएंगे और हमारे राजस्व में कुछ कमी आएगी। सूक्ष्म परिवेश हमारे अनुमान के अनुरूप बना रहेगा।'

एसबीआई कार्ड का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 662 करोड़ रुपये रहा

एसबीआई कार्ड का शुद्ध मुनाफा मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 662 करोड़ रुपये रहा। एसबीआई कार्ड्स ऐंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 596 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसका कुल राजस्व 2023-24 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 4,475 करोड़ रुपये रहा, जो साल भर पहले समान तिमाही में 3,917 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में ब्याज आय 28 प्रतिशत बढ़कर 2,139 करोड़ रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में, शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर 2,408 करोड़ रुपये रहा। *भाषा*

बजाज फिनसर्व का एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़ा

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फिनसर्व लिमिटेड का जनवरी-मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2,119 करोड़ रुपये रहा। बजाज फिनसर्व ने शुक्रवार को शेयर बाजार को मार्च तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,769 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य अवधि में बजाज फिनसर्व की कुल एकीकृत आय बढ़कर 32,042 करोड़ रुपये हो गई, जबकि जनवरी-मार्च, 2023 की अवधि में यह 23,625 करोड़ रुपये थी।

बजाज फिनसर्व बजाज समूह के विभिन्न वित्तीय सेवा इकाइयों की मूल कंपनी है। *भाषा*

ब्लिंकइट फूड डिलिवरी कारोबार से ज्यादा मूल्यवान

आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 26 अप्रैल

जोमैटो के स्वामित्व वाली क्विक कॉमर्स फर्म ब्लिंकइट का निहित मूल्य अब उसके मुख्य फूड डिलिवरी कारोबार से ज्यादा है। गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी दीपिंदर गोयल पिछली कुछ तिमाहियों से इस बात का संकेत दे रहे थे कि क्विक कॉमर्स कारोबार मुख्य फूड डिलिवरी कारोबार से आगे निकलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट में कहा गया है 'हम गौर कर रहे हैं कि जोमैटो के हमारे 'सम ऑफ द पार्ट्स' (एसओटीपी - विभिन्न सहायक कंपनियों या कारोबारों का आकलन और कुल योग) में ब्लिंकइट का मूल्यांकन अब 13 अरब डॉलर है जबकि मार्च 2023 में यह दो अरब डॉलर था। उसका प्रति शेयर 119 रुपये का निहित मूल्य पहली बार फूड डिलिवरी के 98 रुपये की तुलना में अधिक है।' फिलहाल जोमैटो का बाजार पूंजीकरण लगभग 20 अरब डॉलर है। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार जोमैटो का फूड डिलिवरी एबिटा मार्जिन पहले ही वैश्विक फूड डिलिवरी प्लेटफार्मों में सबसे ज्यादा है और क्विक कॉमर्स में भी ऐसा ही होने की उम्मीद है।

यूको बैंक UCO BANK
[HONOURS YOUR TRUST]
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय – II, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर –1, साल्ट लेक, कोलकाता–700064

निविदा की सूचना

यूको बैंक निम्नलिखित मदों के लिए निविदा आमंत्रित करता है:
1. परिसंपत्ति दायित्व प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर समाधान की आपूर्ति, स्थापना अनुकूलन और रखाव (पुनः निविदा)।
2. केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के कार्यान्वयन के लिए विक्रेता का चयन हेतु निविदा (पुनः निविदा)।

विवरण के लिए कृपया https://www.ucobank.com or https://gem.gov.in वेबसाइट पर देखें।

उप–महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
दिनांक: 27.04.2024

सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि. नीलामी सूचना

एतद्द्वारा बडे स्तर पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि. ने खातों (नीचे वर्णित) से संबंधित सोने के आभूषण जो ओवरदेय बन चुके हैं और डिफाल्ट हो चुके हैं या मार्जिन ब्रीच ग्राहक हैं की नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीलामी **बुधवार, 8.05.2024 को सुबह 10.00 से 12.00 बजे के बीच** नीचे वर्णित संबंधित शाखाओं में आयोजित की जाएगी। यह नीलामी प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी।

बेतुल 7773027884 **FEDGL0524**0000489, 0000245, 0001048, 0001050, 0001066, 0001529
इमामी गेट भोपाल 9131907071 **FEDGL0460** 0001522, 0001523, 0001539, 0002012
इंद्रपुरी 9131907071 **FEDGL0472** 0001479, 0001473, 0001482, 0001484, 0001485, 0001487, 0001499, 0001503, 0001512, 0001514, 0002049, 0002929, 0001598 **इटारसी** 7898115051 **FEDGL0511**0000637, 0000642, 0000659, 0001080, 0001100, 0001864
एमपी नगर भोपाल 9981906616 **FEDGL0495**0000859, 0000843, 0000852, 0001499, 0001564 **टॉवर स्कवेयर शाखा इंदौर** 7987184152 **FEDGL0463** 0000943, 0000948
विदिशा 9424457923 **FEDGL0512**0000472, 0000478, 0000489 **विजय नगर** 9977250007 **FEDGL0473** 0001412, 0001418, 0002249

जगह या तिथि में परिवर्तन, यदि कोई है हमारी वेबसाइट www.fedindia.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे। भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को उनके द्वारा जमा की गई बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने के संबंध में तुरंत सूचित किया जाएगा। जो ग्राहक अपने आभूषणों को छुड़ाना चाहते हैं, मूल शाखा जिसमें ग्राहक द्वारा आभूषण गिरवी रखे गए थे या 7.05.2024 तक / या पहले उक्त वर्णित नंबर पर संपर्क करें, यह लागू नियम व शर्तों का विषय है।

नीलामी संबंधित शाखाओं में आयोजित की जाएगी, यदि नीलामी किसी कारण से दी गई देय तिथि पर पूरी नहीं हो पाती है, उसके संबंध मे नीलामी हमारी वेबसाइट पर विवरण प्रदर्शित करने के बाद जिला स्तरीय शाख में उसके बाद कार्य दिवस पर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अन्य कोई संचार जारी नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 27.04.2024 हस्ता. / – प्राधिकृत हस्ताक्षरी
स्थान : मध्य प्रदेश फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.

SBI
सर्वसमय माध्यम, कॉरपोरेट सेंटर, तीसरी मंजिल,
द आर्केड वर्ल्ड ट्रेड केंद्र, कफ परेड, मुंबई – 400005

निविदा आमंत्रण सूचना

आरएफपी नं. SBI/ACV/2024-25/001 दिनांक: 26.04.2024
आरएफपी नं. SBI/ACV/2024-25/002 दिनांक: 26.04.2024

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आरएफपी क्रमांक SBI/ACV/2024-25/001 और SBI/ACV/2024-25/002 दिनांक 26.04.2024 के अंतर्गत पात्र बोलीदाताओं से क्रमशः 5500 बारकोड आधारित पासबुक प्रिंटिंग कियोस्क और 1000 ऑटो–फ्लिप बारकोड आधारित पासबुक प्रिंटिंग कियोस्क की खरीद के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं. इच्छुक बोलीकर्ता बोलियां जमा करने के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi** पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज़' और पोर्टल **https://gem.gov.in** पर जा सकते हैं.

आरएफपी के डाउनलोड का आरंभ : 26.04.2024 को दोपहर 03:00 बजे से

बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि व समय : 22.05.2024 को दोपहर 03.00 बजे तक.

हस्ताक्षर / –
स्थान: मुंबई उप महाप्रबंधक
दिनांक: 26.04.2024 (कार्यान्वयन व रोल आउट)

AXIS BANK LIMITED खुदरा ऋण एवं भुगतान समूह (स्थानीय कार्यालय/शाखा): एक्सिस बैंक लि.-आरएसी, तीसरी मंजिल, धन ट्राइडेंट, पीयू-4, ब्लॉक-बी, मेट्रो टावर के निकट, इंदौर-452001

एक्सिस बैंक लि., तीसरी मंजिल, गीगाप्लेक्स, एनपीसी-1, टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया, मुगलसन रोड, ऐरोली, नवी मुंबई-400 708
पंजीकृत कार्यालय: "त्रिशूल", तीसरी मंजिल, सम्राटथेश्वर मंदिर के सामने लॉ गार्डन, एलिसब्रिज अहमदाबाद-380006

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय संपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) (संशोधन) नियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के प्रावधानों के अधीन
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम तौर पर जन साधारण तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं) तथा गारंटीदाता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता के पास गिरवी पर रखी गई है/प्रभारित की गई है, जिस पर प्रत्याभूत ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा कर लिया गया है एवं **ऋण सं. HTR004306807845** एवं **PHR004306706171** में **1. श्री हरिओम नंदवार 2. श्रीमती रचना नंदवार** से प्रत्याभूत ऋणदाता के प्रति बकाया **16-नवम्बर-2022 को बकाया रकम रु. 6,08,989/- (छह लाख आठ हजार नौ सौ नवासी मात्र) एवं रु. 2,89,100/- (दो लाख नवासी हजार एक सौ मात्र)** साथ में भविष्य के ब्याज एवं लागत की रकम वसूली के लिए कथित अचल सम्पत्ति की **20-जून-2024** को **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है" तथा "वहां जो कुछ है"** के आधार पर बिक्री की जाएगी। आवश्यक विवरण के लिए कृपया यहां नीचे संलग्न नीलामी अनुसूची देखें:-

आरक्षित मूल्य (रु. में)	रु. 12,92,850/- (बारह लाख बानवे हजार आठ सौ पचास रुपये मात्र)
बयाना राशि जमा (रु. में)	रु. 1,29,285/- (एक लाख उनतीस हजार दो सौ पच्चासी रुपये मात्र) एक्सिस बैंक लि. के पक्ष में भुगतेय, इंदौर मध्य प्रदेश में भुगतेय डीडी/पीओ के जरिए।
बोली वृद्धि रकम	रु. 15,000/- (रुपये पंद्रह हजार मात्र)
ईएमडी के साथ बोलियां/ निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय एवं स्थान	18-जून-2024 को अपराह्न 04.00 बजे तक एक्सिस बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, धन ट्राइडेंट, पीयू-4, ब्लॉक-बी, मेट्रो टावर के निकट, इंदौर (म.प्र.) में, श्री गुणप्रीत भाटिया को संबोधित किया जाना चाहिए
सार्वजनिक ई-नीलामी की तारीख, समय एवं स्थान	20-जून-2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com पर, ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा इत्यादि सम्मिलित ई-नीलामी निविदा दस्तावेज ऊपर उल्लेखित सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुसूची - सम्पत्ति का विवरण

श्री हरिओम नंदवार तथा श्रीमती रचना नंदवार के नाम पर फ्लैट नं. 102, पहली मंजिल, ब्लॉक नं. एफ रास टाउनशिप, ग्राम तालावली चंदा तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 53.34 वर्ग मीटर सम्पत्ति का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा। **चौहदी निम्नानुसार: पूर्व में:** लॉबी, **पश्चिम में:** सड़क, **उत्तर में:** खुला आकाश, **दक्षिण में:** फ्लैट नं. 101.

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट पर प्रदत्त लिंक यानी https://www.axisbank.com/auction-retail तथा बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेब पोर्टल https://www.bankeautions.com देखें।

नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टल **https://www.bankeautions.com** के जरिए ऑनलाइन संचालित की जाएगी।

सम्पत्तियों के निरीक्षण अथवा अन्य किसी भी सहायता के लिए इच्छुक बोलीदातागण बैंक के अधिकारी श्री गुणप्रीत भाटिया से **पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक 09827344444** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा ईमेल आईडी: **Gunpreet.bhatia@axisbank.com** पर मेल भेंज सकते हैं।

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के अधीन कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटीदाताओं के लिए 30 दिनों की सूचना के रूप में माना जाना चाहिए।

दिनांक: 26-अप्रैल-2024 हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
स्थान: इंदौर एक्सिस बैंक लि.

प्रारूप संख्या यूआरसी–2

अधिनियम के अध्याय-XXI के भाग 1 अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना देने का विज्ञापन (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (रजिस्टर करने के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में)

1. इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, इसके पंद्रह दिनों के बाद लेकिन इसके बाद तीस दिनों की समाप्ति से पहले ग्वालियर में कंपनी रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया गया है, **टीएनए सॉल्यूशंस एलएलपी** एक एलएलपी को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय **XXI** के भाग **1** के तहत, शेयरों द्वारा सीमित लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
2. **कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:**
   - होम टेक्सटाइल उत्पादों (घरेलू और निर्यात) के विनिर्माण, व्यापार, परामर्श और संबद्ध गतिविधियों का व्यवसाय चलाना।
3. प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का निरीक्षण **सर्वे क्रमांक 403/5, ग्राम सोनवाय, तहसील- महू, राऊ-पीथमपुर रोड, राव, इंदौर, मध्य प्रदेश-453331, भारत**। पर स्थित कार्यालय में किया जा सकता है।
4. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र **(सीआरसी)**, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स **(आईआई सीए)**, प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिनकोड–122050 में रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है। और इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **इक्कीस दिनों** के भीतर, एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेजें।

दिनांक 27 अप्रैल, 2024
आवेदकों का नाम
1. अम्बुज जैन
2. आयुष जैन

निडो होम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में एडलवेइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
पंजी. कार्यालय : टावर 3, 5वां तल, विंग बी, कोहिनूर सिटी मॉल, कोहिनूर सिटी, किरोल रोड, कुर्ला (प.), मुंबई–400070

ई–नीलामी – बिक्री के संबंध में 15 दिन का कानूनी नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के अंतर्गत ई–नीलामी द्वारा विक्रय।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप में कर्जदार एवं गारंटर को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्ति, नीचे दी गई तालिका में वर्णित बकाया राशि की वसूली तक निम्नांकित राशि की वसूली के लिये **"जैसी है जहां है, "जैसी है जो है" तथा "वहां जो कुछ भी है"** आधार पर बेची जाएगी। उक्त संपत्ति कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) द्वारा प्राप्त ऋण के लिये **मैसर्स निडो होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एडलवेइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)** के पास बंधक है। निम्न वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के भौतिक कब्जे में है।

क्र.सं.	कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम	वसूली की राशि	सुरक्षित मूल्य तथा ईएमडी	नीलामी की तिथि एवं समय	निरीक्षण की तिथि एवं समय	भौतिक कब्जा की तिथि
1.	अभिषेक अग्रवाल (कर्जदार) एवं नेहा अग्रवाल (सह–कर्जदार)	रु. 39,82,743.36/– (रुपये उन्तालीस लाख बयासी हजार सात सौ तेतालीस तथा पैसे छत्तीस मात्र) 26–04–2024 तक + उस पर आगे ब्याज + एलएएन नं. LIND0HL0000086217 हेतु कानूनी खर्चे	रु. 20,41,200/– (रुपये बीस लाख इकतालीस हजार दो सौ मात्र) धरोहर राशि जमा रु. 2,04,120/– (रुपये दो लाख चार हजार एक सौ बीस मात्र)	21–05–2024 पूर्वा. 11 से दोप. 12 बजे के मध्य (5 मिनटों के असीमित स्वतः विस्तारों सहित)	06–05–2024 पूर्वा. 11.00 से अप. 3.00 बजे के मध्य	26–07–2023

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति फ्लैट नंबर 102, प्रथम तल, कुशल श्री, स्थित प्लॉट नंबर 151–ए, आलोक नगर, इन्दौर, तहसील और जिला इन्दौर (मध्य प्रदेश), कुल सुपर बिल्ट अप एरिया 875 वर्ग फीट, उक्त फ्लैट निम्नानुसार परिबद्ध है : उत्तर : रास्ता फ्लैट नंबर 101, दक्षिण : रास्ता और फिर प्लॉट नंबर 73, पूरब : प्लॉट नंबर 152–ए, पश्चिम : प्लॉट नंबर 151

टिप्पणी :– 1) नीलामी विक्रय वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किया जायेगा और केवल वे बोलीदाता जो वैध ईमेल, आईडी प्रमाण एवं फोटो प्रमाण, पैन कार्ड धारक हैं और जिन्होंने डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी का विधिवत भुगतान कर दिया है, इस **"ऑनलाइन ई–नीलामी"** में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा प्रेषण के माध्यम से निम्न के पास अपनी ईएमडी जमा करानी होगी :
लाभार्थी का नाम : निडो होम फाइनेंस लिमिटेड, बैंक : भारतीय स्टेट बैंक, खाता संख्या : 65226845199, सरफासी –नीलामी, एडलवेइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, आईएफएससी कोड : SBIN0001593.
3) ईएमडी के साथ ऑनलाइन आवेदन बोली फ्फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20–05–2024 है।
4) विक्रय के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** देखें या कृपया श्री मौलिक श्रीमाली से फोन नं.+91–6351896643/9173528727, हेल्प लाइन ई–मेल आईडी : **Support@auctiontiger.net** पर संपर्क करें। ।

मोबाइल नं: 7206934461 हस्ता. / – प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 27–04–2024 निडो होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एडलवेइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)

SHRIRAM Finance
SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व की श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालय : 14ए, श्री टॉवर्स, साउथ फेस इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई 600 032
शाखा कार्यालय : 804, स्काई बिजिनेस पार्क, सामने शालीमार टाउनशिप ए.बी. रोड, इन्दौर–452 010 (म.प्र.) वेबसाइट : www.shriramhousing.in

माँग सूचना

**नोट : यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। इसके बाद ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक